## न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, टोंक

पीठासीन अधिकारी— मुरारी लाल शर्मा
आर.ए.एस.

| मिसल नम्बर | तारीख दायरा | तारीख निर्णय |
|---|---|---|
| 38 / 2017 / प्रा.पत्र / 2017 | 25.05.2017 | 26.11.2021 |

मदन लाल गूर्जर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, टोंक

....... प्रार्थी

बनाम

1—श्री जय प्रकाश सिन्धी पुत्र श्री किशन सिन्धी एफ.बी.ओ. मैसर्स न्यू कैलाश कन्फैक्शनरी नवीन मण्डी मालपुरा राज0 निवासी बस स्टैण्ड के पीछे जनता कॉलोनी जिला मालपुरा टोंक राज0

2—मैसर्स न्यू कैलाश कन्फैक्शनरी नवीन मण्डी मालपुरा राज0

...... अप्रार्थी

**जुर्म अन्तर्गत धारा 26 की उपधारा 2 (ii) एफ.एस.एस.एक्ट 2006 रूल्स 2011**

उपस्थित—

1—प्रार्थी की ओर से श्री मदनलाल गूर्जर, खा0सु0अ0 स्वयं।

2—अप्रार्थीगण उपस्थित

:—निर्णय—: **दिनांक 26.11.2021**

संक्षेप में प्रार्थना पत्र का सार इस प्रकार है कि आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनांक 08.03.2017 को समय 1.28 पी.एम पर वास्ते निरीक्षण मैसर्स न्यू कैलाश कन्फैक्शनरी नवीन मण्डी मालपुरा राज0पर पहुंचां। प्रोपरायटर की हैसियत से जय प्रकाश सिन्धी पुत्र श्री किशन सिन्धी एफ.बी.ओ. मैसर्स न्यू कैलाश कन्फैक्शनरी नवीन मण्डी मालपुरा राज0 निवासी बस स्टैण्ड के पीछे जनता कॉलोनी जिला मालपुरा टोंक राज0 खाद्य पदार्थ का कारोबार करते हुए उपस्थित मिला, को अपना परिचय दिया एवं परिचय पत्र दिखाया तथा उसका परिचय लिया, पूछने पर प्रतिष्ठान का मालिक होना स्वीकार किया एवं मौके पर खाद्य अनुज्ञा पत्र होना जाहिर किया।

आवेदक द्वारा निरीक्षण करने पर पाया कि आम जनता को विक्रय हेतु दुकान मे **सुगर कन्फैक्शनरी नरेश जी केसर बाटी मूल पैक**(Sugar Confectionary Naresh Ji Kesar Bhati Origional Pack) रखा हुआ था, का निरीक्षण करने पर मिलावट की शंका होने पर. विकेता श्री जय प्रकाश सिन्धी को गवाह के सामने फार्म ... क्रय करने हेतु नोटिस देकर नोटिस की रसीद प्राप्त की जिस पर विकेता जय प्रकाश सिन्धी एवं गवाह के हस्ताक्षर करवाकर प्रार्थी ने हस्ताक्षर कर तस्दीक किया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Murari Lal Sharma
Date: 2022.01.05 11:30:22 IST
Reason: SelfAttested

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक

1489

आवेदक द्वारा दुकान मे 52 नग मूल पैक प्लास्टिक डिब्बे 900–900 ग्राम के **सुगर कन्फैक्शनरी नरेश जी केसर बाटी मूल पैक**(Sugar Confectionary Naresh Ji Kesar Bhati Origional Pack)रखे हुये मे से 900–900 ग्राम के चार मूल पैक का चयन कर वास्ते नमूना जांच खरीदा जिसकी बाजार भाव के समान कीमत विक्रेता. श्री जय प्रकाश सिन्धी को रू0 320/–अक्षरे तीन सौ बीस रूपये नगद देकर रसीद प्राप्त की जिस पर विक्रेता के हस्ताक्षर तथा उपस्थित गवाहान के हस्ताक्षर करवाये एवं तस्दीक कर स्वयं आवेदक ने हस्ताक्षर किये।

आवेदक द्वारा खरीदशुदा **सुगर कन्फैक्शनरी नरेश जी केसर बाटी मूल पैक**(Sugar Confectionary Naresh Ji Kesar Bhati Origional Pack) 900–900 ग्राम कुल मात्रा 3600 ग्राम को अलग–अलग नियमानुसार चार नमूना भाग तैयार कर एंव चारो नमूना भागो के लिये चार लेबल नियमानुसार तैयार कर प्रत्येक भाग पर गोंद से चिपकाया और प्रत्येक लेबलो पर डी.ओ.कोड एवं क्रमांक I–1563 दर्ज किया। प्रत्येक लेबल पर स्वयं के हस्ताक्षर किये एवं विक्रेता के तथा गवाह के हस्ताक्षर करवाये गये।

चारो नमूना भागो को अलग–अलग खांकी कागज में लपेटकर प्रत्येक भाग पर डी. ओ. टोंक की हस्ताक्षर शुदा पेपर स्लिप नं. I–1563 नियमानुसार चारों नमूना भागों पर नीचे से उपर तक गोलाई से गोंद से चिपकाकर प्रत्येक भाग को धागे से बांध कर सील चपडी किया। प्रत्येक नमूना भाग पर विक्रेता. जय प्रकाश सिन्धी के हस्ताक्षर नियमानुसार इस प्रकार करवाये कि पेपर स्लिप व रेपर दोनो पर आवे। चारो नमूना भागो को अपने जाप्ते में लिया व मोका फर्द रिपोर्ट तैयार की।

आवेदक ने कार्यालय पहुंचकर फार्म नं0 6 की 6 प्रतियां तैयार की और प्रत्येक पर वह नमूना सील लगाई जिससे नमूना सील किया। एक नमूना भाग फार्म नं0 6 की प्रति के आउटर कवर में सील बन्द कर सील मोहर कर खाद्य विश्लेषक खाध सुरक्षा एंव मानक प्रयोगशाला अजमेर को जमा कराकर रसीद प्राप्त की।

आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी को डी.ओ. एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टोंक के पत्र क्रमांक एफ.एस.एस.ए./2017/1282 दिनांक 30.03.2017 के द्वारा ज्ञात हुआ कि खाद्य विश्लेषक खाध सुरक्षा एंव मानक प्रयोगशाला अजमेर से प्राप्त जांच रिपोर्ट सं0 एल0एस0/151/एक्ट/2017/150 दिनांक 30.03.2017 अनुसार जय प्रकाश सिन्धी से वास्ते नमूना जांच विक्रय किया गया **सुगर कन्फैक्शनरी नरेश जी केसर बाटी मूल पैक**(Sugar Confectionary Naresh Ji Kesar Bhati Origional Pack) खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 के अनुसार **मिथ्याछाप** (Mis-branded) स्तर का होना पाया गया।

अतः प्रकरण में अप्रार्थीगण ... **मिथ्याछाप** (Mis-branded) स्तर का **सुगर कन्फैक्शनरी नरेश जी केसर बाटी मूल पैक**(Sugar Confectionary Naresh Ji Kesar Bhati Origional Pack)

Signature Not Verified
Digitally signed by Murari Lal Sharma
Date: 2022.01.05 11:30:22 IST
Reason: SelfAttested

1490

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक

का विक्रय कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 की उप धारा 2(ii) का उल्लंघन किया है जिसका जुर्माना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 52 में निर्धारित है।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अभिभाषक अप्रार्थी अनुपस्थित। अप्रार्थी द्वारा किसी प्रकार का कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया तथा अपना जुर्म स्वीकार किया। प्रार्थी ने बहस के दौरान प्रार्थना पत्र अंकित तथ्यों पर प्रकाश डालते हुए निवेदन किया कि अप्रार्थी जिस **सुगर कन्फैक्शनरी नरेश जी केसर बाटी मूल पैक**(Sugar Confectionary Naresh Ji Kesar Bhati Origional Pack) का विक्रय कर रहा था वह जांच में **मिथ्याछाप** (Mis-branded) स्तर का होना पाया गया है इसलिए अप्रार्थीगण को भारी से भारी जुर्माने से दण्डित किया जावे।

हमने बहस पर मनन किया व पत्रावली का अवलोकन किया गया। अप्रार्थी के पास से लिया गया **सुगर कन्फैक्शनरी नरेश जी केसर बाटी मूल पैक**(Sugar Confectionary Naresh Ji Kesar Bhati Origional Pack) का नमूना जांच में **मिथ्याछाप** (Mis-branded) स्तर का होना पाया गया है। उक्त कृत्य खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 की उप धारा 2 (ii) के अन्तर्गत अपराध की श्रेणी में आता है। अतः अप्रार्थी के विरूद्व प्रार्थना पत्र प्रमाणित होने से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 52 के अन्तर्गत अपराध की श्रेणी में आता है। अतः अप्रार्थी के विरूद्व प्रार्थना पत्र प्रमाणित होने से अप्रार्थी श्री जय प्रकाश सिन्धी पुत्र श्री किशन सिन्धी एफ.बी.ओ. मैसर्स न्यू कैलाश कन्फैक्शनरी नवीन मण्डी मालपुरा राज0 निवासी बस स्टैण्ड के पीछे जनता कॉलोनी जिला मालपुरा टोंक राज0 पर शास्ति 10,000 (अक्षरे दस हजार रू0) आरोपित की जाती हैअभियुक्त उक्त दण्ड की राशि जरिये डीडी न्यायालय में अथवा जरिये चालान से राजकोष में संबंधित मद में निर्णय दिनांक 26.11.2021 से एक माह के अन्दर अन्दर जमा कराकर रसीद पेश करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफतर हो।

निर्णय आज दिनांक 26.11.2021 को खुले न्यायालय में लिखा जाकर सुनाया गया।

26.11.2021

(मुरारी लाल शर्मा)
न्याय निर्णयन अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक–राज0

Signature Not Verified

Digitally signed by Murari Lal Sharma
Date: 2022.01.05 11:30:22 IST
Reason: SelfAttested